# कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

## (कार्यवृत्त विवरण)

दिनांक 28 नवम्बर, 2020 को प्रातः 11.00 बजे कुलपति सचिवालय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में आयोजित प्रबंध मण्डल की 12वीं बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया–

1. प्रो. बी. आर. चौधरी, कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
2. श्री महेन्द्र बिश्नोई, माननीय विधायक (लूणी) जोधपुर
3. डॉ आर.पी. जॉगीड़, पूर्व निदेशक अनुसंधान, एसकेआरएयू, बीकानेर
4. श्री ललित देवड़ा, प्रगतिशील किसान, जोधपुर
5. श्री राजेन्द्र कलवानियॉ, कृषि उद्यमी, जोधपुर
6. डॉ रामअवतार शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, काजरी, जोधपुर
7. डॉ भारत सिंह भीमावत, अधिष्ठाता एवं संकायाध्यक्ष, कृविवि, जोधपुर
8. डॉ ईश्वर सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
9. डॉ एस. डी. रतनू, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, सुमेरपूर
10. डॉ आर. एस. चावड़ा, सेवानिवृत्त निदेशक छात्र कल्याण, कृविवि, जोधपुर, ऑनलाइन उपस्थित रहे
11. श्री अरूण कुमार पुरोहित, कुलसचिव कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

बैठक में प्रमुख शासन सचिव, कृषि विभाग, प्रमुख शासन सचिव, वित्त विभाग, प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, प्रमुख शासन सचिव, पशुपालन विभाग राजस्थान सरकार एवं श्रीमति कीर्ति सिंह, महिला समाजिक कार्यकर्ता अनुपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में सचिव, प्रबंध मण्डल एवं कुलसचिव श्री अरूण कुमार पुरोहित ने उपस्थित सदस्यों का अभिवादन किया और माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए निम्नलिखित एजेण्डा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श हुआ।

| | |
|---|---|
| कृ.वि.जो./बोम/ 2020–21/111 | प्रबंध मंडल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक– 10.06.2020 की कार्यवृत विवरण (Minutes) के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br>**निर्णय** – प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से प्रबंध मंडल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक–10.06.2020 की कार्यवृत विवरण (Minutes) का अनुमोदन किया गया।<br>**कार्यवाही – कुलसचिव** |
| कृ.वि.जो./बोम/ 2020–21/112 | प्रबंध मंडल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक– 10.06.2020 की कार्यवाही विवरण (Action taken) के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br>**निर्णय** – प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से प्रबंध मंडल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक–10.06.2020 के कार्यवाही विवरण (Action Taken) का अनुमोदन किया गया।<br>**कार्यवाही – कुलसचिव** |
| कृ.वि.जो./बोम/ 2020–21/113 (विद्या परिषद के एजेण्डा स. 1 से 21) | कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर की विद्या परिषद (Academic Council) की बारहवीं बैठक दिनांक 24.11.2020 के कार्यवृत विवरण (Minutes) के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br>**निर्णय** – प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से विद्या परिषद (Academic Council) की बारहवीं बैठक दिनांक 24.11.2020 में लिये गये सभी निर्णयों व कार्यवृत विवरण (Minutes) का अनुमोदन किया गया तथा विश्वविद्यालय में आगामी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रारूप, वैकल्पिक शैक्षणिक योग्यता तथा सामान्य दिशा–निर्देशों पर विस्तृत चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया।<br>**कार्यवाही – निदेशक शिक्षा एवं कुलसचिव** |
| कृ.वि.जो./बोम/ 2020–21/114 | राज्यपाल सचिवालय एवं राजस्थान सरकार के आदेशानुसार विश्वविद्यालय को एक यूनिट मानते हुए आरक्षण रोस्टर लागू करने के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br>**निर्णय** – प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा इस विषय पर चर्चा की गई तदउपरांत राज्यपाल सचिवालय दिनांक 9.09.2020 और राजस्थान सरकार दिनांक 21.08.2019 के आदेशानुसार विश्वविद्यालय को दिनांक 7 मार्च 2019 से एक शैक्षणिक संवर्ग (Cadre) को एक यूनिट मानते हुए आरक्षण रोस्टर व्यवस्था लागू किये जाने के प्रस्ताव तथा विश्वविद्यालय के आदेश कमांक |



5.12.20

05.12.2020

| | |
|---|---|
| | 3945–48 दिनांक 08.10.2020 का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।<br>**कार्यवाही – कुलसचिव** |
| कृ.वि.जो./बोम/2020–21/115 | विश्वविद्यालय को एक यूनिट मानते हुए आरक्षण रोस्टर लागू करने के संबंध में आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य एवं वस्तु विषय विशेषज्ञों के विभिन्न विषयों के पदों का वर्णाक्रमानुसार (Alphabetically) क्रमबद्ध कर रोस्टर लागू करने के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br>**निर्णय** – कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को एक यूनिट मानते हुऐ आरक्षण रोस्टर लागू किये जाने के क्रम में आचार्य, सह आचार्य, सहायक आचार्य एवं वस्तु विषय विशेषज्ञों के विभिन्न विषयों के पदों का वर्णाक्रमानुसार (Alphabetically) क्रमबद्ध कर रोस्टर लागू किये जाने के प्रस्ताव तथा विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक 4111–4116 दिनांक 20.10.2020 का प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।<br>**कार्यवाही – कुलसचिव** |
| कृ.वि.जो./बोम/2020–21/116 | राज्यपाल सचिवालय एवं राजस्थान सरकार के दिशा–निर्देशों (Guidelines) के अनुसार विश्वविद्यालय को एक यूनिट मानते हुए तैयार किये गये आरक्षण रोस्टर के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br>**निर्णय** – राज्यपाल सचिवालय एवं राजस्थान सरकार द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देशों (Guidelines) दिनांक 24.02.2020 की अनुपालना में दिनांक 7 मार्च, 2019 से कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में एक शैक्षणिक संवर्ग को एक यूनिट मानते हुऐ तैयार किये गये आरक्षण रोस्टर का प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।<br>**कार्यवाही – कुलसचिव** |
| कृ.वि.जो./बोम/2020–21/117 | कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में वर्ष 2018 में नव नियुक्त सहायक प्राध्यापकों व विषय वस्तु विशेषज्ञों के परिवीक्षाकाल के दौरान स्वीकृत अवैतनिक अवकाशों एवं उनके नियमितीकरण हेतु निर्णय लिये जाने का प्रस्ताव।<br>**निर्णय** – प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में नव नियुक्त शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक कार्मिकों के परिवीक्षाकाल के दौरान अवैतनिक अवकाश प्रकरण जो कि विश्वविद्यालय स्तर पर दिनांक 28.11.2020 तक स्वीकृत किए गए। चूंकि विश्वविद्यालय स्तर पर स्वीकृत यह अवैतनिक अवकाश कार्मिकों द्वारा उपभोग भी किए जा चुके हैं, अतः इनको आदिनांक तक केवल एक बार के लिए स्वीकार कर, कार्मिकों के नियमितीकरण हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। इस विषय पर यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त दिनांकः 28.11.2020 के बाद कार्मिकों को परिवीक्षाकाल में अवैतनिक अवकाश नियमानुसार स्वीकृत किए जाएंगे तथा यह निर्णय भविष्य के लिए उदाहरण नहीं बनेगा।<br>**कार्यवाही – कुलसचिव** |
| कृ.वि.जो./बोम/2020–21/118 | प्रबंध मंडल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक– 10.06.2020 के पश्चात् प्रशासनिक कार्यालय द्वारा जारी किये गये विभिन्न अहम आदेशों का अनुमोदन।<br>**निर्णय** – प्रबंध मंडल के सदस्यों द्वारा प्रबंध मण्डल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक 10.06.2020 के पश्चात् जारी किये गये विभिन्न प्रशासनिक आदेशों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। |

बैठक के अंत में प्रबंध मण्डल के सचिव एवं कुल सचिव श्री अरूण कुमार पुरोहित ने बैठक में पधारे सभी माननीय सदस्यों का आभार प्रकट किया।

05.12.2020

(अरूण कुमार पुरोहित)
प्रबंध मण्डल सचिव एवं
कुलसचिव, कृषि विश्वविद्यालय,
जोधपुर

वास्ते अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ सादर प्रस्तुत।

Approved
5.12.20

(बी.आर. चौधरी)
कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर